







# मतदाता सत्यापन में लापरवाही, कलेक्टर ने बीएलओ को किया निलंबित

## मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर कलेक्टर ने गहन पुनरीक्षण कार्य का लिया जायजा, किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 नवम्बर, जिले भर में सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है. लेकिन कार्य में लगे बीएलओ तथा अन्य कर्मचारी लापरवाही बरतने से बाज नही आ रहे है. जिससे मतदाताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और वह भटक भी रहे है.**



मतदाता के सत्यापन के लिए गणना पत्रक घर-घर जाकर वितरित कर दिए गए हैं. अब बीएलओ तथा अन्य कर्मचारी गणना पत्रक मतदाता से प्राप्त करके उसका डिजिटाइजेशन कर रहे हैं. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीवा विधानसभा क्षेत्र में कई मतदान केंद्रों का भ्रमण करके मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया. कलेक्टर ने नेहरू नगर में सामुदायिक भवन मतदान केंद्र क्रमांक 82 के निरीक्षण के दौरान बीएलओ मधु गुप्ता से जानकारी ली. बीएलओ द्वारा गणना पत्रक के संबंध में संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई. मौके पर उपस्थित कई मतदाताओं ने बीएलओ द्वारा कार्य न करने तथा गणना पत्रक वितरित न करने की शिकायत की. कलेक्टर ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए बीएलओ को निलंबित करने के आदेश दिए. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य करें. इसमें किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी. मतदाताओं के सत्यापन का कार्य तय समय सीमा में पूरा करें. इसके बाद कलेक्टर ने पीके स्कूल के समीप जोन क्रमांक तीन में एसआईआर हेल्प डेस्क सेंटर का निरीक्षण किया. उन्होंने गणना पत्रक भरे जाने तथा डिजिटाइजेशन की जानकारी ली. निरीक्षण के समय एसडीएम हुजूर डॉ अनुराग तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक, नायब तहसीलदार तेजपति सिंह तथा अन्य कर्मचारी एवं मतदाता उपस्थित रहे.

### दो सीडीपीओ और दो बीईओ को कारण बताओ नोटिस

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने गूगल मीट के माध्यम से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की विस्तृत समीक्षा की. उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से लेने और शत-प्रतिशत त्रुटिरहित सुनिश्चित करने पर जोर दिया. यह पुनरीक्षण कार्य जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारी द्वारा किया जा रहा है. कलेक्टर ने कहा कि बीएलओ साथ-साथ इस कार्य में ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय, महिला एवं बाल विकास विभाग और राजस्व विभाग की टीम भी सहयोग कर रही है. समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पाया कि कुछ क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है. कार्य की गंभीरता को देखते हुए और कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर ने तत्काल संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने मनगवां और जवा के बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा सिरमौर और जवा के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि सभी अधिकारी और कर्मचारी इस कार्य को निर्धारित समय-सीमा और निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार पूर्ण करें.



# विशेष महानिदेशक जेल ने केंद्रीय जेल रीवा का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 नवम्बर, विशेष महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं जी. अखेतो सेमा ने केंद्रीय जेल रीवा का आकस्मिक एवं विस्तृत निरीक्षण किया. यह दौरा जेल सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने और बंदियों के कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था.**

श्री सेमा ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, सी. सी. टी. वी. कंट्रोल रूम, इलेक्ट्रिक फेंसिंग, पाकशाला एवं बंदियों के लिए तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया. उन्होंने जेल में बंद 22 बंदियों को मार्कशीट वितरित करते हुए व्यक्तिगत रूप से बधाई दी जिन्होंने नेशनल ओपन स्कूल से 10वीं, भोज विश्वविद्यालय से एमएसडब्ल्यू तथा डिप्लोमा और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है. महानिदेशक ने बंदियों को कौशल और समाज की मुख्यधारा में शामिल करने हेतु शिक्षा एवं जागरूकता के महत्व पर विशेष बल दिया. उन्होंने बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के 20-20 बंदी क्षमता की 16 नई निर्माणाधीन बैरक के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा इन्हें समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए.

निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक (प्रशासन) संजीव कुमार गेंदले, उप जेल अधीक्षक योगेन्द्र परमार, सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाहा एवं श्रीमती पूजा मिश्रा सहित समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहा. श्री सेमा ने जेल प्रशासन को बंदियों के सुधारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने और उन्हें भविष्य में एक बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया.

## संक्षिप्त

### मुख्य सचिव की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आज

**रीवा**. मुख्य सचिव अनुराग जैन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कान्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करेंगे. वीडियो कान्फ्रेंसिंग 19 नवम्बर को सुबह 11 बजे से आयोजित होगी. वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सभी वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी शामिल होंगे.

### डीएलसीसी की बैठक आज

**रीवा**. जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक 19 नवम्बर को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है. बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल करेंगी. अग्रणी जिला प्रबंधक जगमोहन ने बैठक में समिति के सभी सदस्यों, संबंधित अधिकारियों तथा बैंक शाखा प्रबंधकों से उपस्थिति का अनुरोध किया है. बैठक में सितम्बर समाप्त तिमाही की प्रगति, विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति तथा अन्य बिन्दुओं की बैंकवार चर्चा की जाएगी.

### आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव कल

**रीवा**. शासकीय आईटीआई रीवा में 20 नवम्बर को सुबह 9 बजे से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है. आईटीआई के प्राचार्य ने बताया कि होंडा मोटरसाइकिल स्कूटर प्राइवेट लिमिटेड कोलार कर्नाटक द्वारा असेंबली आपरेटर क्वालिटी इंस्पेक्टर पद के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है. संस्था द्वारा संबंधित पद के लिए प्रशिक्षणार्थी का चयन किए जाने पर उसे 18525 रुपए मानदेय और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी. इसमें 18 से 23 वर्ष की आयु के सभी आईटीआई पास प्रशिक्षणार्थी महिला एवं पुरूष भाग ले सकते हैं. प्रशिक्षणार्थी इंटरव्यू में शामिल होने के लिए आवश्यक दस्तावेज और पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ अवश्य लाएं.

### तीर्थदर्शन ट्रेन 23 को जाएगी रामेश्वरम और मदुरई

**रीवा**. शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की नि:शुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है. इस योजना के द्वारा 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है. इस योजना के तहत रीवा जिले के 200 बुजुर्गों को 23 नवम्बर को रामेश्वरम और मदुरई की तीर्थयात्रा का अवसर दिया जा रहा है. इस संबंध में प्रभारी अधिकारी धर्मस्व ने बताया कि तीर्थदर्शन ट्रेन 23 नवम्बर को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी. यह ट्रेन 29 नवम्बर को वापस लौटेगी. इसमें रीवा के 200 बुजुर्गों के साथ-साथ सतना के 200, सीधी 179 तथा मैहर जिले 200 बुजुर्गों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा कराई जाएगी. त्रा के दौरान सभी तीर्थयात्रियों को ठहरने, भोजन, पानी, चाय और नाश्ते की नि:शुल्क सुविधा दी जाएगी. सभी तीर्थयात्री अपने साथ मौसम के अनुकूल कपड़े, अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री तथा दवाएं अपने साथ रखें. तीर्थयात्रा के लिए आवेदन करने की अवधि 9 नवम्बर तक थी.



### अपर कलेक्टर ने 63 आवेदनों पर की जनसुनवाई

**रीवा**. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में हर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने 63 आवेदन पत्रों में सुनवाई की. अपर कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्रों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किया और निर्देश दिये कि आवेदन पत्रों का सात दिवस में निराकरण कर प्रतिवेदन दें. जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

### गणना पत्रकों के संकलन और डिजिटाइजेशन का कार्य जारी

**मऊगंज**. निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मऊगंज जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य तेज गति से जारी है. अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने कई मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया. अपर कलेक्टर ने बताया कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्रकों का वितरण कर उनके संकलन और डिजिटाइजेशन की कार्यवाही की जा रही है. मतदाताओं से बड़ी संख्या में गणना पत्रक प्राप्त हो गए हैं. इन्हें डिजिटाइज करने के लिए पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक तथा अन्य तकनीकी कर्मचारी बीएलओ को लगातार सहयोग कर रहे हैं. सभी गणना पत्रक 20 नवम्बर तक शत-प्रतिशत डिजिटाइज करने का लक्ष्य रखा गया है. सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में गणना पत्रक भरवाने और संकलित करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं. जिले भर में गणना पत्रक भरवाने के लिए लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं.

# अब तक 260065 गणना पत्रक हुए डिजिटाइज्ड

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 नवम्बर, रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है. मतदाता के सत्यापन के लिए गणना पत्रक का शत-प्रतिशत वितरण कर दिया गया है.**

अब सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाकर उसे संकलित कर रहे हैं. इन्हें संकलित करके बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज किया जा रहा है. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 18 नवम्बर को शाम 6 बजे तक मतदाताओं से 260065 गणना पत्रक प्राप्त कर इसे डिजिटाइज कर लिया गया है. बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक संकलित कर रहे हैं. अब तक विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 32639, मनगवां में 43297, रीवा में 42970, सेमरिया में 47613, सिरमौर में 45811 तथा विधानसभा क्षेत्र त्योंथर में 47735 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं. मतदाताओं से बड़ी संख्या में गणना पत्रक प्राप्त हो गए हैं. इन्हें डिजिटाइज करने के लिए पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक तथा अन्य तकनीकी कर्मचारी बीएलओ को लगातार सहयोग कर रहे हैं. सभी गणना पत्रक 20 नवम्बर तक शत-प्रतिशत डिजिटाइज करने का लक्ष्य रखा गया है.



# विद्यार्थी परिषद के पूर्व पदाधिकारी ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट, 18 नवम्बर, रीवा के डॉ. रघुराज किशोर तिवारी को विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर चाकघाट नगर क्षेत्र से विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ताओं के द्वारा उनके निवास स्थान रीवा में जाकर उन्हें सम्मानित किया तथा उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के कामना की गई.**

विन्ध्य अंचल के रीवा क्षेत्र से विद्यार्थी परिषद की गौरव गरिमा को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने के लिए डॉ. रघुराज किशोर तिवारी को सम्मानित करने के लिए चाकघाट से पहुंचे विद्यार्थी परिषद के प्रदेश संचालन समिति के सदस्य एवं नेहरू स्मारक महाविद्यालय चाकघाट के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रशांत पाठक, विद्यार्थी परिषद चाकघाट नगर के पूर्व संयोजक राम लखन गुप्त पत्रकार, विद्यार्थी परिषद के पूर्णकालिक कार्यकर्ता प्रदीप सोनी दीपू, एवं संघ के कार्यकर्ता अरुण कुमार मिश्रा ने उनके निवास स्थान पर जाकर इस गौरव के लिए उन्हें सम्मानित किया तथा बधाई दी. चर्चा के दौरान छात्र राजनीति में संपूर्ण देश में छात्र संघ का चुनाव कराए जाने की बात की गई. महाविद्यालय में चुनाव के माध्यम से जहां राष्ट्र हितैषी जन नेता तैयार होते हैं वही राष्ट्र और समाज के प्रति स्वस्थ चिंतन करने वाले विचारकों का भी जन्म होता है. इस पर विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रघुराज किशोर तिवारी ने गंभीरता पूर्वक इस विषय में रुचि लेकर छात्र राजनीति के लिए छात्रसंघ चुनाव के महत्व पर प्रकाश डाला.

# मॉडिफाइड वाहनों को परिवहन विभाग ने किया जब्त

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 नवम्बर, जिले में अवैद्‌ध रूप से मॉडिफाइड वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को परिवहन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की.**




सिरमौर चौराहा और टीआरएस कॉलेज चौराहा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान चार मॉडिफाइड चार पहिया वाहनों को मौके पर ही जप्त कर लिया गया. जिसमे आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, मोबाइल एसेसिरीज आदि की दुकान खोलकर चलाई जा रही थी. जप्त वाहनों को परिवहन कार्यालय में खड़ा कराया गया. विभाग द्वारा सभी वाहन मालिकों को मूल दस्तावेज सहित निर्धारित समय के अंदर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए गए हैं. दस्तावेज सही न होने या मॉडिफिकेशन के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर वाहनों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ध्वनि प्रदूषण, सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले और अवैध मॉडिफिकेशन वाले वाहनों पर कड़ी नजर रखी जा रही है. ऐसे वाहनों के मूल स्वरूप में परिवर्तन कर दिया जाता है जिससे वाहन के मूल पंजीयन का भी पता नहीं चलता.

### बीएलओ पर्यवेक्षक नियुक्त

**रीवा, 18 नवम्बर,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए तीन विधानसभा क्षेत्रों बीएलओ पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं. कलेक्टर ने बताया कि पुनरीक्षण कार्य में गणना पत्रकों के संग्रहण, डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति बढ़ाने और अनुवीक्षण के उद्देश्य से बीएलओ पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है. विधानसभा क्षेत्र सेमरिया में 24, त्योंथर में 23 और मनगवां में 28 बीएलओ पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है.

# युवा एकता परिषद की मध्य प्रदेश इकाई भंग

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 नवम्बर, युवा एकता परिषद 'युवा आगाज' के संगठन प्रमुख पंडित सचिन शर्मा ने बताया है की युवा एकता परिषद की वर्ष 2025 की मध्यप्रदेश इकाई को भंग कर दिया गया है.**

जिसके तहत कोई भी साथी पूर्व में दिए गए पद का उपयोग नहीं कर सकेगा. जबकि 1 दिसंबर से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जिसके लिए सदस्यता प्रभारी नियुक्त किए जाएगे. कार्यालयीन समय में हनुमत कांप्लेक्स, राजीव मार्ग मोड़, निराला नगर कार्यालय या सदस्यता प्रभारियों से सदस्यता फार्म प्राप्त कर सकते हैं जिसे 5 जनवरी तक भरकर जमा करना अनिवार्य है. तत्पश्चात 15 जनवरी को युवा एकता परिषद की वर्ष 2026 की नवीन कमेटी की घोषणा की जाएगी. इसके बाद युवा हुंकार कार्यक्रम के तहत नववर्ष मिलन समारोह एवं नवीन पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा. इस कार्यक्रम में पूर्व के सक्रिय साथियों, समाज के सच्चे सेवकों, उत्कृष्ठ कार्य करने वाले साथियों को सम्मानित करते हुए वर्ष 2026 के नवीन कैलेंडर का विमोचन किया जाएगा. युवा एकता परिषद मध्यप्रदेश के प्रभारी दीपक मिश्रा बोस ने समय पर सदस्यता फार्म भरकर संगठन से जुड़ने हेतु प्रदेशभर के युवाओं से आह्वान किया है.

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में दूसरे दिन 3273 रोगियों की हुई जांच

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 18 नवम्बर, हनुमना में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में दूसरे दिन 3273 रोगियों की जाँच की गई. यह शिविर दो दिनों तक आयोजित किया गया.**



शिविर का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने 17 नवम्बर को किया था. शिविर में पहले दिन 2514 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई थी. दो दिवसीय शिविर में कुल 5787 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई. शिविर में दूसरे दिन मेडिसिन के 830, आर्थो के 406, ओबीजी के 432, सर्जरी के 378 रोगियों की जाँच की गई. शिविर में 348 नेत्र जाँच, नाक, कान और गला रोग के 227, स्किन के 123, मानसिक रोग के 98, क्षय रोग के 169, दंत रोग के 135 तथा शिशु रोग के 127 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जाँच की गई. शिविर में एक्सरे, ईसीजी और यूएसजी की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई थी. शिविर में 335 रोगियों की एक्सरे जाँच, 765 रोगियों की ईसीजी तथा 278 रोगियों की यूजीजी जाँच की गई. शिविर में गंभीर रोगियों को चिन्हित कर उनके इलाज के लिए जेके हास्पिटल भोपाल भेजा जा रहा है. शेष रोगियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाईयाँ वितरित की गई हैं. शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन, एलएन मेडिकल कालेज एवं जेके हास्पिटल भोपाल के सहयोग से किया गया.

# ओबीसी महासभा की बैठक में कार्यक्रमों को लेकर चर्चा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 नवम्बर, ओबीसी महासभा की बैठक बनकुइंया रोड मैदानी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ओबीसी महासभा में संपन्न हुई.**

बैठक की अध्यक्षता छोटेलाल रजक जिला अध्यक्ष ओबीसी महासभा ने की. बैठक में आगामी संविधान दिवस 26 नवंबर 2025 के कार्यक्रम को लेकर निर्णय लिए गए. सर्वसम्मत से यह निर्णय लिया गया कि संविधान के सम्मान में लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल तिराहा रीवा से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक पदयात्रा आयोजित की जाएगी. कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया जाएगा. राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य पुष्पराज सिंह मेंथौरी, राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य एड. धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा, जेपी कुशवाहा संभागीय अध्यक्ष, मुन्नालाल जायसवाल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, एड. पिंकी सिंह ओबीसी महासभा उपस्थित रहे.

### नालियों की सफाई न होने से बढ़े मच्छर

**रीवा, 18 नवम्बर,** नगर निगम के कई ऐसे वार्ड है जहा बरसात के समय खानापूर्ति के लिये नालियों की सफाई की गई थी. जो नालियां खुली थी उन्हे तो साफ किया गया लेकिन जो नालियां ऊपर से बंद है और उनमें चेम्बर भी है उन्हे साफ नही किया. वार्ड क्रमांक 34 तकिया मोहल्ला सहित वार्ड 32 और 33 बंद बंद नालियों की सफाई न होने से मच्छरों से लोग परेशान है.

# बच्चों को साइबर सुरक्षा, गुड टच, बैड टच की दी गई जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 नवम्बर, मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत गत दिवस ज्ञानोदय विद्यालय एवं छात्रावास में कार्यशाला का आयोजन किया गया.**



कार्यशाला में डीएसपी प्रतिभा शर्मा ने बच्चों को करियॅर गाइडेंस के तहत पुलिस विभाग में जाने के लिए तैयारी करने के संबंध में जानकारी दी. उन्होंने इसके साथ ही साइबर अपराध से सुरक्षा के बारे में बच्चों को जागरूक किया. थाना प्रभारी निशा मिश्रा बच्चों को हिडन कैमरे तथा सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी. बाल संरक्षण अधिकारी स्वाति श्रीवास्तव ने गुड टच बैड टच और विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी. शिक्षिका मनु सिंह ने बच्चों को बोर्ड एग्जाम की तैयारी करने की टिप्स बताई. उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान टाइम मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देना होगा और सोशल मीडिया से भी दूर रहना होगा. कार्यशाला में बेनिसन हेल्पिंग वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष श्लेषा शुक्ला, अमर सिंह ने बच्चों से कहा कि अपना रोल मॉडल किसी सफल व्यक्ति को बनाएं. इसी तरह मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बाबू जगजीवन राम छात्रावास में भी बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें कई तरह की जानकारी दी गई.